Nationalisation of Cashew Industry

9041. SHRI C. JANARDHANAN: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether Government have a proposal under consideration to nationalise the cashew industry; and

(b) if so, the reasons therefor?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI A. C. GEORGE): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

दस्तकारी की वस्तुओं का निर्यात

9042. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दस्तकारी की वस्तुओं के निर्यात में वर्ष 1971-72 की तुलना में वर्ष 1972–73 में गिरावट आई है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ए० सी० जार्ज) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

सूती कपड़े का निर्यात

9043. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष भारतीय मुद्रा में, कितने रुपये के सूती कपड़े का निर्यात विदेशों को किया गया ;

(ख) क्या गत वर्ष की तुलना में सूती कपड़े के निर्यात में काफी कमी आयी है, और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ए० सी० जार्ज) : (क) वर्ष 1973 के दौरान भारत से थान के रूप में निर्यात किये गये सूती कपड़े का मूल्य 133.52 करोड़ रुपये था।

(ख) जी नहीं। जनवरी-मार्च, 1974 के दौरान सूती कपड़े के थानों का निर्यात 45.52 करोड़ रुपये हुआ जबकि गत वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह 25.22 करोड़ रुपये का था।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

मध्य प्रदेश में आयकर की बकाया राशि

9044. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय मध्य प्रदेश में वसूल किया जाने वाला आयकर का कितना रुपया बकाया है ;

(ख) गत दो वर्षों में आयकर की कितनी राशि वसूल की गई ; और

(ग) आयकर की बकाया राशि को वसूल मरने के लिए सरकार का विचार क्या कदम उठाने का है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) आयकर आयुक्त, मध्य प्रदेश के कार्यक्षेत्र में 31-12-1973 को निगम-कर सहित आयकर की सकल और शुद्ध बकाया रकम इस प्रकार है :—

(रकम करोड़ रुपये में)

सकल बकाया	शुद्ध बकाया
13.44	11.82

(ख) आयकर आयुक्त, मध्य प्रदेश के कार्यक्षेत्र में पिछले दो वर्षों में निगम कर सहित आयकर की वसूल की गई कुल रकम इस प्रकार है :—

वित्तीय वर्ष	आयकर की शुद्ध वसूली
	(करोड़ रुपयों में)
1972-73	. 21.47
1973-74	. 27.14 (अनन्तिम)

(ग) प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर वे सभी उपाय किये गये हैं और किये जा रहे हैं जिनकी कानून में व्यवस्था है । इनमें ये उपाय भी शामिल हैं :—

(1) कर अदा न करने के लिए आयकर अधिनियम 1961 की धारा 221 के अन्तर्गत दण्ड लगाना ।

(2) निर्धारिती को देय धन का धारा 226(3) के अन्तर्गत अभिग्रहण ।

(3) धारा 226 (4) के अधीन न्यायालयों द्वारा धन का अभिग्रहण ।

(4) धारा 226 (5) के अधीन चल संपत्ति का आसेध और विक्रय ।

(5) धारा 222 के अधीन वसूली प्रमाण-पत्र जारी कराना ।

(6) चल-अचल संपत्ति का अभिग्रहण/विक्रय ।

(7) दीवानी जेलखाने में निर्धारिती को कैद करना ।

ब्रिटेन से आयात

9045. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 1974-75 के दौरान ब्रिटेन से अनुमानतः कितनी भारतीय मुद्रा के मूल्य की वस्तुओं का आयात किया जाएगा ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ए० सी० जार्ज) : वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारिक पर्यावरण के सन्दर्भ में और स्थिति की बहुत सी कल्पनीय और परिवर्तनीय बातों को ध्यान में रखते हुए वर्ष 1974-75 के वित्तीय वर्ष के दौरान ब्रिटेन से आयात किये जाने वाले मालके मूल्य का अनुमान लगाना कठिन है । तथापि, अप्रैल, 1973-अक्तूबर, 1973 के दौरान ब्रिटेन से लगभग 13790 लाख रुपये के मूल्य के आयात किये गये जब कि अप्रैल 1972-अक्तूबर, 1972 के दौरान 13014 लाख रुपये मूल्य के आयात किये गये थे ।